>

Title: Need to withdraw the Import Licensing Policy for the import of marbel blocks.

प्रो. रासा सिंह रावत : महोदय, राजस्थान में दस हजार से अधिक इकाइयां मार्बल, खनन, प्रोसेसिंग व हस्तशिल्प उद्योग में कार्यरत् हैं जिन पर 20 लाख से अधिक परिवार प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से निर्भर हैं। इस कुटीर व लघु उद्योग में अधिकांशतया आदिवासी, अनुसूचित जनजाति, गरीबी रेखा से नीचे का वर्ग तथा समाज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लोग जुड़े हुए हैं। राजस्थान के लगभग 20 जिलों में किसी न किसी रूप में यह उद्योग फैला हुआ है जो वहां की आर्थिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। विगत् कुछ वर्षों से अधिकांश समय वर्षा के न होने, निरंतर अकाल की स्थिति होने, खेती का उत्पादन कम होने आदि के कारण राजस्थान की आर्थिक व्यवस्था का मूल आधार पत्थर एवं मार्बल का खनन उद्योग है।

भारत सरकार के वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के द्वारा विभिन्न देशों के मार्बल ब्लाक्स हेतु आयात लाइसेंस कुछ मुट्ठी भर आयातकों को ही जारी किए हैं जिसके कारण 75 प्रतिशत मार्बल उत्पन्न करने वाले राजस्थान के मार्बल उद्योग पर अत्याधिक कहर हो रहा है, अत्यंत नुकसानदेह सिद्ध हो रहा है। इन चन्द आयातकों के एकाधिकार वाली स्थिति में टिके रहने से देश के और राजस्थान के लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करने वाला मार्बल उद्योग संकट मे डाला जा रहा है। महोदय, आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना है कि केवल थोड़े से मुट्ठी भर आयातकों के स्वार्थ के लिए आयात और लाइसेंस जारी करने वाली मार्बल की नीति तुंत समाप्त करनी चाहिए।[MSOffice33]

मार्बल ब्लॉक में कोई भी आयात लाइसेंस जारी न करें अन्यथा लाखों लोगों के सामने बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। इसके साथ ही मैं मांग करता हूँ कि मार्बल आयात लाइसेंसिंग पॉलिसी को बंद किया जाए।

MR. SPEAKER : I have already allowed 23 matters today when we have agreed for only five.

PROF. RASA SINGH RAWAT : Sir, so kind of you.

MR. SPEAKER : The other matters will be taken up at the end of the day.

The House now stands adjourned to meet at 2 p.m.

13.10 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.[MSOffice34]

14.07 hrs.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch

at seven minutes past Fourteen of the Clock.

(Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*)